

स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में जड़े थे 6 छक्के

युवी ने इस मैच में दो बेमिसाल रेकॉर्ड अपने नाम किए थे, जो आज भी कायम हैं। पहला– वह टी20 इंटरनैशनल क्रिकेट में एक ओवर में 6 छक्के जड़ने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं। इसके अलावा दूसरा– सबसे तेज फिफ्टी जड़ने का फिफ्टी जड़ने का रेकॉर्ड भी उनके ही नाम है, जो आज तक कायम है।

## 13 साल पहले डरबन में दहाड़े थे युवराज सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के टी20 वर्ल्ड कप में एक ओवर में 6 छक्के जड़ने का वह कारनामा तो आपको याद ही होगा। युवराज सिंह ने इंग्लैंड के खिलाफ 13 साल पहले आज ही के दिन डरबन के मैदान पर यह कारनामा किया था। युवराज ने आज इंस्टाग्राम पर इस लम्हे को याद करते हुए इस मैच में छक्का जड़ते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर के साथ युवी ने कैप्शन लिखा, 13 साल! समय कैसे उड़ जाता है। उन्होंने इस कैप्शन के साथ मेमॉरी (यादें) शब्द को हैशटैग भी किया है। युवी के इस यादगार लम्हे पर कई क्रिकेट सितारों ने भी कॉमेंट किए हैं। सबसे शानदार कॉमेंट स्टुअर्ट ब्रॉड का है, ब्रॉड वही गेंदबाज हैं, जिनके खिलाफ युवी ने उस मैच में ये 6 छक्के बरसाए थे और इंग्लैंड की टीम उनकी इस पारी की बदौलत 18 रन से यह मैच हार गई थी। युवी के साथी क्रिकेटर गौतम गंभीर ने लिखा, यह रेकॉर्ड मुझे दे दे ठाकुर! युवराज के इस पोस्ट पर सिक्सर किंग क्रिस गेल, हरभजन, कुलदीप यादव समेत कई खिलाड़ियों ने कॉमेंट किए हैं।

# इन पांच युवा खिलाड़ियों पर रहेगी खास नजर

## कई युवा खिलाड़ी पहली बार खेलेंगे आईपीएल

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। आईपीएल में कई युवा खिलाड़ियों को मौका मिलता है। कई युवा खिलाड़ी इस लीग में प्रदर्शन करने के बाद बड़ा नाम बने हैं। दुनियाभर की नजर इस लीग पर होती है। यहां टैलेंट को निखारा जाता है। क्योंकि दुनिया के चोटी के खिलाड़ी इस लीग में खेलते हैं इसलिए कॉम्पिटिशन तगड़ा होता है। और यही कॉम्पिटिशन युवा खिलाड़ियों को निखारता है और उन्हें तैयार करता है। तो देखते हैं पांच ऐसे युवा खिलाड़ी जो पहली बार इस लीग में खेलेंगे और इनके



यशस्वी जायसवाल।

**इशान पोरेल, किंग्स इलेवन पंजाब**
22 साल का गेंदबाज लगातार 140 किलोमीटर की रफ्तार से गेंदबाजी करता है। 2018 में भारत की अंडर–19 टीम के लिए उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। इसके बाद लोगों की नजर उन पर पड़ी। पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 17 रन देकर चार विकेट लिए। 2019–20 के रणजी सीजन में बंगाल के फाइनल में पहुंचने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**यशस्वी जायसवाल, राजस्थान रायल्सः** जायसवाल की कहानी बहुत प्रेरक है। अपने क्रिकेट के सपने को जिंदा रखने के लिए उन्होंने गोलगप्पे तक बेचे। मुंबई के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2020 में हुए अंडर–19 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाए। जायसवाल को राजस्थान रॉयल्स ने 2.4 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया है।

**जोश फिलिप, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर**
फिलिप ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। बिग बैश लीग के 2019–20 के सीजन में उन्होंने बल्ले से खूब धमाल मचाया। उन्होंने पर्थ स्क्रॉचर के खिलाफ पहले ही मैच में 81 रन बनाए। इस मैच में उन्होंने ऐसा छक्का लगाया जो सिडनी क्रिकेट ग्राउंड के पविलियन की छत पर गिया। सिडनी सिक्सर्स के इस बल्लेबाज ने इस टूर्नामेंट में चार हाफ सेंचुरी और लगाई। 23 साल के इस बल्लेबाज के पास गजब की टाइमिंग है।

**रवि बिश्नोई, किंग्स इलेवन पंजाब**
लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने 2020 में अंडर–19 वर्ल्ड कप में दमदार खेल दिखाया। वह इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। छह मैचों में उन्होंने अपने नाम 17 विकेट लिए। राशिद खान और युजवेंद्र चहल को अपना आदर्श मानने वाले बिश्नोई लेग स्पिन से ज्यादा गुगली का इस्तेमाल करते हैं।

**टॉम बैंटन, कोलकाता नाइट राइडर्स**
इंग्लैंड के टॉम बैंटन की उम्र सिर्फ 21 साल है लेकिन टी20 क्रिकेट में वह एक जाना–पहचाना नाम बन चुके हैं। 40 टी20 मैचों में उनका बल्लेबाजी औसत करीब 30 का है और स्ट्राइक रेट 154 से ज्यादा। समरसेट के इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड के रॉयलवनडे कप में 454 रन बनाए।

# भारतीय खिलाड़ियों को होगी मुश्किल, विदेशी खिलाड़ी फायदे में!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



मुंबई। भारतीय क्रिकेटरों ने काफी समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है और ऐसे में उनके लिए एकदम से लय पकड़ पाना आसान नहीं होगा। लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि खिलाड़ियों ने घर पर काफी प्रैक्टिस की होगी और टूर्नामेंट से पहले यूएई में ट्रेनिंग कैंप के जरिए उन्हें टीम कल्चर में ढलने का पर्याप्त समय मिल गया होगा।

अब सवाल यह उठता है कि क्या वे विदेशी खिलाड़ी जो कैरेबियन प्रीमियर लीग या इंग्लैंड में सीरीज खेलकर आ रहे हैं उन्हें फायदा होगा।

इस बात पर कोई संदेह नहीं कि मैदान के बीच में समय बिताने के मुकाबले और कुछ नहीं और इन खिलाड़ियों को इसका फायदा होगा। यही वजह है कि जिन टीमों के खिलाड़ी इंग्लैंड में सीरीज में भाग लेकर आ रहे हैं वे बीसीसीआई से गुजारिश कर रहे हैं कि उन खिलाड़ियों के क्वॉरनटीन का समय आधा कर दिया जाए।

खिलाड़ियों को फ्रेश रखने के लिए क्या कर रहे हैं फ्रेंचाइजी वे ट्रेनिंग को लेकर काफी सजग हैं और अतिरिक्त सावधानियां बरत रहे हैं। कई खिलाड़ी आराम से लौट रहे हैं और उन्हें अपने नियमित रूटीन में लौटने में समय लगेगा। चोटों को बेहतर तरीके से मैनेज करने के लिए चोटी के मेडिकल एक्सपर्ट की सेवाएं ली गई हैं। फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों को इंजरी फ्री रखने की अहमियत जानते हैं।

## आईपीएल फैंस के लिए करेगा कोरोना वैक्सीन के पहले डोज का काम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस की वैक्सीन आने में भले ही अभी समय हो, लेकिन आज से अगले 53 दिन तक क्रिकेट प्रशंसकों को ऐसी राहत मिलेगी जो किसी वैक्सीन से कम नहीं होगी। दुनिया की सबसे महंगी क्रिकेट लीग को भले ही कोरोना के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का रुख करना पड़ा है, लेकिन सबसे ज्यादा भारतीय दर्शक ही टेलीविजन के सामने बैठकर इसकी राहत की डोज लेंगे। पिछले 12 साल से दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को दीवाना करने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) का 13वां सत्र 29 मार्च से 24 मई तक होना था, लेकिन कोरोना के कारण उसे अनिश्चतकाल के लिए टाल दिया था। बीसीसीआइ ने इसे बाद में यूएई में आयोजित कराने का निर्णय लिया। अब मुंबई के वानखेड़े की जगह अबूधाबी के शेख जायद स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच पहला मुकाबला खेला गया। कोरोना ने भारतवासियों को ही नहीं पूरी दुनिया को परेशान किया है।

## न्यूज डायरी :



### मैच से पहले हार्दिक पंड्या जमकर उड़ा रहे छक्के

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल का आगाज शानिवार शाम से हो गया। मुंबई और चेन्नै की टीमें अबू धाबी में इस लीग की शुरुआत करी। दोनों टीमों के खिलाड़ी मैच से पहले जमकर पसीना बहाया। इस बीच मुंबई के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का एक वीडियो उनकी फ्रैंचाइजी मुंबई इंडियंस ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें हार्दिक पंड्या नेट में प्रैक्टिस कर रहे हैं और यहां भी वह जमकर सिक्स उड़ा रहे हैं। 49 सेकंड के इस वीडियो में हार्दिक पहले कुछ गेंदें रक्षात्मक अंदाज में ड्राइव करते हैं और इसके बाद वह धीरे–धीरे किसी मशीन की तरह गरम होकर अपने स्ट्रोक्स की रफ्तार बढ़ा देते हैं। इसके बाद हार्दिक एक के एक गेंद को हवा में ऊंचे लंबे शॉट के लिए उड़ा रहे हैं, जो मैच में सीधे सीमारेखा के बाहर जाकर गिरेंगे। वीडियो में हार्दिक के इस ट्रेलर को देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार पंड्या अपनी बड़े–बड़े हिट्स लगाने वाली किसी फिल्म की पूरी तैयारी कर रहे हैं।

### रोहन बोपन्ना और डेनिस शापोवालोव की जोड़ी इटालियन ओपन से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोम। भारत के रोहन बोपन्ना (त्वींद ठवचंदद) और कनाडा के डेनिस शापोवालोव की जोड़ी इटालियन ओपन टेनिस के पुरुष युगल क्वॉर्टर फाइनल में फ्रांस के जेरेमी चार्डी और फेब्रिस मार्टिन से हारकर बाहर हो गई। दोनों को 6–4, 5–7, 7–10 से पराजय का सामना करना पड़ा। बोपन्ना और शापोवालोव ने दूसरे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जुआन सेबेस्टियन काबाल और कोलंबिया के राबर्ट फाराह को मात दी थी। बोपन्ना और शापोवालोव अमेरिकी ओपन के क्वॉर्टर फाइनल में भी हार गए थे।

### मीडियाकर्मियों की स्टेडियम के अंदर नहीं होगी एंट्री, दर्शक रहेंगे गायब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें एडिशन का शुभारंभ हो गया है। मार्च 29 को खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट को कोरोना महामारी की वजह से स्थगित कर दिया गया था। अब बेहत कड़े नियमों के तरह इसको भारत के बाहर यूएई में आयोजित कराया जा रहा है। मैच को देखने के लिए स्टेडियम में ना तो दर्शक और ना ही इसे कवर करने के लिए मीडियाकर्मियों को अंदर जाने की इजाजत मिली। इस साल हो रहा आइपीएल टूर्नामेंट बेहद अलग है इसमें कई बदलाव नजर आएं। कोविड–19 महामारी की वजह से स्वास्थ्य सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू होगा। इस साल के टूर्नामेंट में मीडियाकर्मियों की स्टेडियम में एंट्री नहीं होगी। 13 सीजन में यह पहला मौका होगा जब फ्रेंचाइजी मैच से पहले कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करेगी। हर मैच के बाद जो कॉन्फ्रेंस किया जाएगा वो भी वर्चुअल होगा।

### आईपीएल की खूबसूरत एंकर बनी मां, इस साल नहीं करेंगी एंकरिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के हर सीजन में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखरने वाली टूर्नामेंट की बेहतरीन एंकर मयंती लैंगर इस बार मैच के दौरान नजर नहीं आएंगी। आइपीएल 2020 की शुरुआत से पहले सुरेश रैना और हरभजन सिंह के टूर्नामेंट के हटने से फैंस का दिल टूटा था और अब अपनी पसंदीदा एंकर को ना देख पाने से करोड़ों फैंस का दिल जरूर टूटेगा। भारतीय क्रिकेट स्टुअर्ट बिन्नी की पत्नी मयंती लैंगर एक मशहूर स्पोर्ट्स एंकर हैं और पिछले कई सीजन से आईपीएल के दौरान एंकरिंग करती नजर आई हैं। इस साल मां बनने की वजह से वह टूर्नामेंट का मजा घर बैठे आम दर्शक की तरह से उठाएंगी। उन्होंने पति स्टुअर्ट के साथ सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है। मयंती ने पति और बच्चे के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, तो मैं इस बार आइपीएल को घर बैठे देखकर मजा करूंगी। सारी टीमों को मेरी तरफ से शुभकामनाएं। ऑल द बेस्ट टू जतिन सप्रू, सुहैल चंडोक, आकाश चोपड़ा, संजना गणेशन, डीन जोन्स, स्कॉट स्टायरिस, ब्रेट ली, संजोग गुप्ता पूरी गैंग।